# राजा महेन्द्र प्रताप सिंह राज्य विश्वविद्यालय, अलीगढ़
Email:- registrar.rmpu@gmail.com,

पत्रांकः–आर0एम0पी0यू0/2044/2023 दिनांकः–20 जुलाई, 2023

सेवा में,

श्री सतीश कुमार,
प्रबन्धकारिणी, बी0डी0 कालेज ऑफ एजुकेशन,
अगसौली, सिकन्दराराऊ,
हाथरस।

**विषयः–बी0डी0 कालेज ऑफ एजुकेशन, अगसौली, सिकन्दराराऊ, हाथरस के सम्बन्ध में, श्री अजय यादव, द्वारा की गई शिकायत के सम्बन्ध में।**

महोदय,

उपरोक्त सन्दर्भित शिकायत के सम्बन्ध में दिनांक 05 जुलाई, 2023 को पत्रांक–आर0एम0पी0यू0/1965/2023 के साथ उपरोक्त शिकायत को संलग्न करते हुए जॉच समिति गठित की गई थी, जिसकी प्रति प्राचार्य/प्रबन्धक, बी0डी0 कालेज ऑफ एजुकेशन, अगसौली, सिकन्दराराऊ, हाथरस को पृष्ठांकित की गईः–

1. जॉच समिति द्वारा दिनांक 10.07.2023 को उपरोक्त शिकायत के संम्बन्ध में बी0डी0 कालेज ऑफ एजुकेशन, अगसौली, सिकन्दराराऊ, हाथरस जाकर जॉच की गई। जॉच के समय उपस्थित श्री अजय यादव,श्री राजवीर सिंह व दो अन्य से सूचनाऐ प्राप्त की गई। दिनांक 10.07.2023 को आप अस्वस्थ होने के कारण उपस्थित न हो सके।
2. दोनों पक्षों से सहमति प्राप्त कर दिनांक 18.07.2023 को विश्वविद्यालय के कैम्प कार्यालय पर जॉच समिति की बैठक आहूत की गई। उक्त बैठक में श्री अजय यादव, श्री राजवीर सिंह उपस्थित हुए तथा आपने बैठक में ऑनलाइन जुडने हेतु निवेदन किया जिसे विश्वविद्यालय प्रशासन ने स्वीकार किया तथा आप ऑनलाइन बैठक में सम्मिलित हुए।
3. दिनांक 18.07.2023 को सम्पन्न जॉच समिति की बैठक में आपने उपरोक्त शिकायत के सन्दर्भ में अपना लिखित उत्तर दिनांक 18.07.2023 को सायंकाल तक विश्वविद्यालय की ईमेल पर भेजने हेतु आग्रह किया परन्तु अद्यतन आपका उत्तर विश्वविद्यालय को प्राप्त नही हुआ है।
4. दिनांक 18.07.2023 को श्री अजय यादव, द्वारा उपरोक्त शिकायत पत्र दिनांक 05.07.2023 के क्रम में अन्य दो शिकायत पत्र दिनांक 18.07.2023 व 18.07.2023 जॉच समिति के समय प्रस्तुत किए है।
5. श्री अजय यादव, बी0डी0 कालेज ऑफ एजुकेशन, अगसौली, सिकन्दराराऊ, हाथरस द्वारा प्रेषित उपरोक्त दोनों शिकायत पत्र दिनांक 18.07.2023 व 18.07.2023 इस पत्र के साथ इस आशय से संलग्न किए जा रहे है कि आप दिनांक 05.07.2023 के शिकायती पत्र के साथ–साथ उपरोक्त दोनों संलग्न पत्रों के सापेक्ष अपना उत्तर दिनांक 24.07.2023 तक आवश्यक रूप में विश्वविद्यालय में उपस्थित होकर अथवा विश्वविद्यालय की ईमेल आई0डी0–registrar.rmpu@gmail.com प्रेषित करने का कष्ट करें।

भवदीय,

20/07/23
सहा0 कुलसचिव/सचिव
जॉच समिति

**प्रतिलिपिः– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतुः–**

1. मा0 कुलपति जी, राजा महेन्द्र प्रताप सिंह राज्य विश्वविद्यालय, अलीगढ़।
2. संयोजक/सदस्य, जॉच समिति।
3. गार्ड फाईल।

20/07/23
सहा0 कुलसचिव/सचिव
जॉच समिति

V letter

कार्यालय: जय दुर्गा एजूकेशनल एण्ड वेलफेयर सोसाइटी दिनेशपुर
तह० गदरपुर जिला ऊधमसिंह नगर (उत्तराखण्ड)
पत्रावली सं० KUS0625

सेवामें

श्रीमान् अध्यक्ष, जाँच समिति
राजा महेन्द्र प्रताप सिंह, राज्य वि० वि० अलीगढ़

विषय:- B.D. कालेज ऑफ एजूकेशन जुगसौली, सिकन्दराराऊ (हाथरस) की जांच के सम्बंध में

महोदय

प्रार्थी आज दिनांक 18.7.2023 को वि० वि० में आपके द्वारा मेरी शिकायत के क्रम में आगे की जांच हेतु बुलाने पर उपस्थित है। मेरे द्वारा मा० कुलपति जी को प्रेषित एफीडेविट पर शिकायती पत्र दि० 5.7.23 में दिये गये बिन्दुओं के अतिरिक्त निम्न निवेदन भी करता है। कृपया उक्त बिन्दुओं को भी अपनी जांच में शामिल करने का कष्ट करें।

(1) यह है कि कालेज पर शैक्षणिक गतिविधियां शून्य एवं फैकल्टी एप्रूवल न होने के कारण चालू सत्र के तृतीय एवं चतुर्थ सेमेस्टर हेतु कालेज के सभी छात्र छात्राओं को ऐसे कालेज में ट्रांसफर करने का कष्ट करें, जिसमें विधिवत शिक्षण कार्य सम्पादित हो रहे हों।

(2) यह है कि कालेज से सम्बंधित किसी कार्य हेतु जैसे फैकल्टी एप्रूवल, कालेज की लागिन I.D का पासवर्ड बदलना, बैंक से सम्बंधित आदि कोई प्रस्ताव या अन्य दस्तावेज विश्व विद्यालय को प्राप्त होता है तो उसकी सूचना प्रार्थी को अवश्य दी जाय। जिससे उसकी सत्यता की जाँच हो सके।

(3) यह है कि काउन्सिलिंग के दौरान सीधे प्रवेश हेतु O.T.P. प्राप्त करने के लिए सतीश कुमार का निजी नम्बर (मो०) लगा हुआ है। इस नम्बर को हटाया जाय। यदि इसके लिए कोई प्रस्ताव सोसाइटी द्वारा पारित किया जाता है, तो उसकी सत्यता की जांच करने के बाद ही उस मो० नं० को लगाया जाय।

(4) वि० वि० द्वारा जारी कालेज की लॉगिन I.D व पासवर्ड प्रार्थी को भी उपलब्ध कराई जाय। तथा विश्व विद्यालय से पत्राचार हेतु लगी मेल आई० डी० पर प्रार्थी की मेल आई० डी० भी जोड़ी जाय। जिससे प्रार्थी को भी सूचनाएं समय से मिल सकें।

(5) यह है कि वर्तमान में सोसाइटी की वैधता सि० 2021 में समाप्त होने एवं आज तक नवीनीकरण न होने तथा पिछले सत्र से फैकल्टी एप्रूवल आज तक न होने को ~~ध्यान~~ कालेज का नाम इस सत्र (2023-2025) हेतु प्रवेश के लिए काउन्सिलिंग सूची में नहीं भेजा जाय।

दि० 18.07.2023
मेल आई० डी० ajayyadav9499@gmail.com
Mob.N. 9015407702

भवदीय
Ajay
(अजय यादव)
सचिव
जय दुर्गा एजूकेशनल एण्ड वैलफेयर सोसाइटी
दिनेशपुर तहसील गदरपुर जिला उधम सिंह नगर

कार्यालय- जयदुर्गा एजूकेशनल एण्ड वेलफेयर सोसाइटी दिनेशपुर
तहसील- गदरपुर जि० ऊधमसिंह नगर, पत्रावली सं० KUS0625

सेवा में,

श्रीमान अध्यक्ष, जांच समिति
राजा महेन्द्र प्रताप सिंह राज्य वि० वि० अलीगढ़.

विषय- B.D. कालेज आफ एजूकेशन अगसौली, सि०राऊ, हाथरस की जांच के सम्बन्ध में।

मेरे पत्र दि० 18.7.2023 में कुल 04 बिन्दुओं पर जांच से सम्बन्धित निवेदन किया है। कुछ बिन्दु छूट जाने के कारण पुन: निम्नानुसार किया जा रहा है। कृपया यह भी अपनी जांच में शामिल करने का कष्ट करें।

(1) यह है कि B.D. कालेज आफ एजूकेशन अगसौली में छात्रों द्वारा जो शुल्क दिया जा रहा है, वह किस खाते में जमा हो रहा है। इसकी जानकारी प्रार्थी को नहीं है। सूत्रों से जानकारी हुई है कि फीस की धन० सतीश कुमार की माता श्रीबनारसी देवी के निजी खाते प्राप्त की जा रही है।

(2) टेलीफोन पर सोसाइटी के नवीनीकरण हेतु वार्ता पर उपरोक्त सतीश कुमार द्वारा कहा गया कि सारे देश में ऐसे ही कालेज चल रहे हैं, मैं भी ऐसे ही चलाऊंगा। तथा सोसाइटी के नवीनीकरण हेतु बुलाने पर उपरोक्त बात कही गयी है।

(3) यह है कि जांच समिति द्वारा दि० 10.7.2023 को कालेज पर पहुंचकर जांच की। जांच के दौरान जैसा कि आप विज्ञ हैं, सतीश कुमार अनुपस्थित थे। तथा प्रो० ओ(भ) राजवीर सिंह सदस्य, अनिवार्य सदस्य, तथा श्री घनश्याम अग्रवाल को बाध्य रूप से उपस्थित थे।

(4) यह है कि आज दि० 18.7.2023 को भी मैं व श्री राजवीर सिंह सदस्य उपस्थित हैं। सतीश कुमार उपरोक्त अनुपस्थित हैं। जांच कमेटी द्वारा सतीश कुमार को ऑनलाइन उपस्थित होने की सुविधा आज दि० 18.7.23 को प्रदान की है। इसको अनुपस्थित मानते हुए जांच कार्यवाही सम्पन्न की जाये।

(5) यह है कि फीस की धन० सोसाइटी के खाते में जमा नहीं हो रहा है। इसकी मुझे पक्की जानकारी है।

दि० 18.07.2023
Mob N. 9015407202
E Mail I.D. - ajayyadav9499@gmail.com

भवदीय
[signature]
(अजय यादव)
सचिव
जय दुर्गा एजूकेशनल एण्ड वैलफेयर सोसायटी
दिनेशपुर तहसील गदरपुर जिला उधम सिंह नगर